# यूपीईएस और आईहब अवध के बीच हुआ एमओयू साइन

**सहारा न्यूज ब्यूरो**

देहरादून।

यूपीईएस रनवे इनक्यूबेटर ने आईअब-अवध (कृषि और जल प्रौद्योगिकी विकास हब) आईआईटी रोपड़ के साथ एक मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत दोनों संस्थान ज्ञान और इनोवेशन और एडवांस स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ाने के विजन पर काम करेंगे।

दोनों संस्थानों के बीच एमओयू में अलग-अलग पहलुओं को शामिल किया गया है जो कि अकादमिक और आंत्रप्रेन्योरियल सेक्टर्स में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही आंत्रप्रेन्योरियल विचार और बिजनेस के भविष्य को आकार देगा। इसके अलावा साझेदारी ग्रांट और इन्वेस्टमेंट के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एमओयू के तहत अवध की मदद से यूपीईएस में एक अत्याधुनिक साइबर-फिजिकल सिस्टम लैब की स्थापना में भी सहायता मिलेगी। अत्याधुनिक लैब यूपीईएस बल्कि के साथ-साथ बाहरी संस्थानों के छात्रों, शोधकर्ताओं और स्टार्टअप्स के बीच सीपीएस कौशल को बढ़ावा देने के लिए केंद्र के रूप में काम करेगी और उत्तराखंड क्षेत्र में रिसर्च और इनोवेशन को भी बढ़ावा देगी। इसके अलावा स्टार्टअप्स अपनी टेक्नोलाजी को आगे बढ़ाने के लिए प्रयोगशाला के संसाधनों का लाभ उठाने में भी सक्षम होंगे।

रनवे इनक्यूबेटर के सीईओ राहुल नैनवाल ने कहा कि हमारा लक्ष्य सहयोगात्मक रिसर्च की संस्कृति को आगे बढ़ाना, टेक्निकल इनोवेशन को बढ़ावा देना और छात्रों व स्टार्टअप दोनों के लिए एक अच्छा वातावरण प्रदान करना है।




एमओयू साइन करते दोनों संस्थानों के अधिकारी।